# 25 करोड़ के निवेश से स्टार्टअप्स होंगे मजबूत

**समझौता**

**नपुर, प्रमुख संवाददाता।** रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने वाले स्टार्टअप अब 25 करोड़ रुपये के निवेश से और प्रभावी व मजबूत होंगे। अमेरिका की वेंचर कैपिटल कंपनी फॉक्सहॉग वेंचर्स कॉर्प आईआईटी के साथ समझौता कर रही है। इसके तहत कंपनी ने आईआईटी के एसआईआईसी (स्टार्टअप इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर) में कार्य कर रहे इनोवेटिव स्टार्टअप्स पर 3.5 मिलियन डॉलर सीएसआर के तहत निवेश करने की घोषणा की है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के एसआईआईसी के प्रो. इन चार्ज प्रो. दीपू फिलिप ने बताया कि फॉक्सहॉग वेंचर्स के सीईओ तरुण पोद्दार ने विशेष सीईओ फंड की स्थापना की है, जिसके तहत नए स्टार्टअप्स को



आरएंडडी (रिसर्च एवं डेवलपमेंट) अनुदान प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले तरुण पोद्दार ने संस्थान का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने रक्षा, एयरोस्पेस, एग्रीटेक और सतत विकास के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स के उत्पाद और तकनीक का निरीक्षण किया था। तब उन्होंने स्टैनफोर्ड से लेकर फॉक्सहॉग के सीईओ बनने तक की यात्रा और उससे मिली सीख को भी साझा किया था। तरुण पोद्दार ने कहा कि नवाचार में जीवन और राष्ट्र को बदलने की शक्ति है। भारत के युवा नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स इकोसिस्टम में अत्यधिक संभावनाएं नजर आ रही हैं। खास तौर पर रक्षा, एयरोस्पेस, सतत विकास व कृषि प्रौद्योगिकी में। प्रो. फिलिप के मुताबिक यह साझेदारी भारत की तेज विकास यात्रा में उत्पाद आधारित नवाचारों को स्केलेबल समाधान में बदलने में क्षमता को और मजबूती देगी।